फटाफट खबरें

तनिष्का और रिद्धिका बनीं ब्रैंड एंबेस्डर

■ प्रस, गुड़गांवः शहर में रहने वाली अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी तनिष्का कोटिया व रिद्धिका कोटिया को भारत सरकार की योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए गुड़गांव ब्रैंड एंबेस्डर बनाया गया। यह दोनों बहनें हैं। तनिष्का श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में स्टूडेंट हैं जबकि रिद्धिका सनसिटी स्कूल की स्टूडेंट्स हैं। उनके पिता अजीत कोटिया ने बताया कि दोनों बच्चे कड़ी मेहनत कर हमारे सपनों को साकार कर रहे हैं। उनकी प्रतिभा को पहचानने के लिए वे गुड़गांव प्रशासन के आभारी हैं। मां निधि कोटिया का कहना है कि दोनों बच्चियां खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी अच्छी हैं। हरियाणा राज्य शतरंज संघ के सचिव नरेश शर्मा और जिला संघ शतरंज सचिव चौहान ने दोनों को बधाई दी।